पाठ - 6

बगुलों की बुद्धिमानी

प्रश्न-1 शब्दार्थ -

1. बुद्धिमान - होशियार

2. बेल - लता

3. गंभीरता - संजीदगी

4. नाराज़ - अप्रसन्न, गुस्से में होना

5. आदर - सम्मान

6. शाख - डाली

7. संकट - मुसीबत

8. तरकीब - उपाय

प्रश्न - 2. निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए -

1. बगुले कहाँ रहते थे?

उत्तर - बगुले जंगल में एक पेड़ पर रहते थे।

2. बूढ़े बगुले ने क्या देखा?

उत्तर - बूढ़े बगुले ने पेड़ पर बेल को लिपटते देखा ।

3. बेल ऊपर कहाँ तक पहुँच गई?

उत्तर - बेल ऊपर शाखों तक पहुँच गई।

4. सीढ़ी कहाँ बन गई?

उत्तर - सीढ़ी पेड़ के तने पर बन गई।

5. बूढ़े बगुले ने सभी बगुलों को बुलाकर क्या कहा?

उत्तर - बूढ़े बगुले ने सभी बगुलों को बुलाकर बेल को हटाने के लिए कहा।

6. छोटी सी बेल सीढ़ी कैसे बन गई?

उत्तर - छोटी सी बेल बड़ी और मोटी होकर सीढ़ी बन गई।

7. बूढ़ा बगुला नाराज़ क्यों था?

उत्तर - सभी बगुलों ने उसकी बात नहीं मानी इसलिए बूढ़ा बागुला नाराज़ था।

8. सभी बगुले शिकारी के जाल से कैसे आज़ाद हुए?

उत्तर - बूढ़े बगुले की बुद्धिमानी से सभी बगुले शिकारी के जाल से आज़ाद हुए।

****